**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**26.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री ने कहा–वित्तीय अनुशासन के लिए राज्य सरकार ने उठाए प्रभावी कदम–अगले चार पांच महीने में दिखेंगे सकारात्मक परिणाम।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिम केयर योजना को घोटाला बताने पर राज्य सरकार की आलोचना की–कल्याणकारी योजनाओं पर राजनीति न करने की दी सलाह।
- प्रदेशभर में महाअष्टमी व रामनवमी की रही धूम–मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।
- भारतीय वायुसेना ने सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा में किया ऐयर शो–विमानों ने आसमान में दिखाए हैरतअंगेज करतब।
- गुरूग्रांम में चल रही अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता में हिमाचल पुलिस के डी.एस.पी विजय कुमार ने जीता कांस्य पदक।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने वित्तीय अनुशासन की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं और अगले चार पांच महीने में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने आज शिमला में प्रदेशभर से आए समर्थकों के साथ अपना जन्म दिन मनाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में आर्थिक समृद्धि की शुरूआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार विभिन्न मंचों पर प्रदेश के अधिकारों को पुरजोर ढंग से उठा रही है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रदेश सचिवालय कर्मचारियों द्वारा आयोजित मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की 18 महिला लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की।

**जयराम**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिम केयर योजना को घोटाना कहने पर राज्य सरकार की आलोचना की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि हिम केयर योजना ने लाखों लोगों की जान बचाई है और कांग्रेस सरकार अब इसे बंद करने के बहाने खोज रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाएं वर्तमान सरकार को रास नहीं आ रही है और इन्हें राजनीतिक आधार पर बंद किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिम केयर व आयुष्मान भारत योजना से साढ़े पांच लाख से अधिक लोगों का ईलाज हुआ।

**नवरात्र**

चैत्र नवरात्रे के आठवें दिन आज मंदिरों में मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना गई। प्रदेश में स्थित मां दुर्गा की शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। जो मां के समक्ष नतमस्तक हुए। राजधानी शिमला के कालीबाड़ी व तारादेवी माता मंदिरों में भी भक्तों की भारी भीड़ रही। सोलन के शूलिनी माता मंदिर में भी मां दुर्गा के भजन कीर्तनों से सारा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

**रामनवमी**

इस बीच रामनवमी का पर्व भी आज धार्मिक श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया। भगवान श्रीराम के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने आज जालंधर के देवी तालाब मंदिर में रामनवमी शोभा यात्रा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की शिक्षाएं आज भी लोगों को धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। इधर शिमला के राममंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। राम नवमी पर प्रस्तुत है ये विशेष रिपोर्ट....................

**वायुसेना**

भारतीय वायुसेना की विश्व प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने आज हमीरपुर ज़िले के सुजानपुर टिहरा स्थित सैनिक स्कूल के मैदान के ऊपर ऐयर शो किया। इस मौके पर 9 विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। वायुसेना के जांबाजों के करतब देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान लड़ाकू विमानों ने आसमान में अनेक प्रकार की आकृतियां बनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। ऐयर शो के आयोजन के लिए विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और वायुसेना का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को सैन्यबलों में भर्ती होने की प्रेरणा मिलती है।

हमीरपुर की उपायुक्त गंधर्वा राठौर ने बताया कि प्रदेश में इस तरह का वायुसेना का ये पहला कार्यक्रम है और लगभग 25 मिन्ट तक भारतीय वायुसेना के विमानों का अदभुत कौशल दिखा।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने राज्य सरकार पर भारी भरकम टैक्स लगाकर जनता को मंहगाई के बोझ तले दबाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने डीज़ल पर वैट बढ़ाया और पिछले 40 महीनों में प्रदेश की जनता से हजारों करोड़ रूपए वसूले। अनुराग ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार अब पैट्रोल व डीज़ल पर अतिरिक्त सैस लगाने की तैयारी कर रही है जो लोगों की जेब पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठी गांरटियां व वादों के सहारे सत्ता में आई है और आजतक एक भी गांरटी पूरी नहीं की गई है।

**शूटिंग प्रतियोगिता**

हरियाणा के गुरूग्राम में चल रही अखिल भारतीय पुलिस डयूटी मीट शूटिंग प्रतियोगित में हिमाचल पुलिस के उप–पुलिस अधीक्षक विजय कुमार ने व्यक्तिगत श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया है। उन्होंने विभिन्न राज्यों और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए ये पदक हासिल किया। विजय कुमार जाने–माने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज है और उन्होंने पिस्टल शूटिंग में ओलंपिक पदक भी जीता है। ये राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता 30 मार्च तक चलेगी।

**रणधीर शर्मा**

वरिष्ठ भाजपा नेता व विधायक रणधीर शर्मा ने राज्य सरकार पर केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का श्रेय लेने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि अपने तीन वर्ष से अधिक के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने विकास के नाम पर कोई काम नहीं किया और हज़ारों करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता मिलने के बाद भी केन्द्र को ही दोषी ठहराने का प्रयास किया जा रहा है।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- मुख्यमंत्री ने कहा–वित्तीय अनुशासन के लिए राज्य सरकार ने उठाए प्रभावी कदम–अगले चार पांच महीने में दिखेंगे सकारात्मक परिणाम।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिम केयर योजना को घोटाला बताने पर राज्य सरकार की आलोचना की–कल्याणकारी योजनाओं पर राजनीति न करने की दी सलाह।
- प्रदेशभर में महाअष्टमी व रामनवमी की रही धूम–मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

- भारतीय वायुसेना ने सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा में किया ऐयर शो–विमानों ने आसमान में दिखाए हैरतअंगेज करतब।
- गुरूग्रांम में चल रही अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता में हिमाचल पुलिस के डी.एस.पी विजय कुमार ने जीता कांस्य पदक।

---------------------------------------------------------------------------------------------